an>

Title: Need to expedite the construction of National Highway from Bhawarkuan crossing to Khandwa in Indore, Madhya Pradesh.

श्री शंकर लालवानी (इन्दौर): धन्यवाद, अध्यक्ष जी । मैं आपका ध्यान इन्दौर के नेशनल हाइवे की ओर दिलाना चाहता हूं । इन्दौर में भंवरकुआं चौराहा से खण्डवा तक नेशनल हाइवे माननीय नितिन गडकरी जी के नेतृत्व में घोषित हुआ, लेकिन उसके घोषित होने के कई माह बाद भी, वह इसलिए नहीं बन पा रहा है कि राज्य सरकार वहां की यूटिलिटी सर्विसेज, खासकर इलेक्ट्रिक पोल नहीं हटा पा रही है । इसके कारण वहां निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है । उस रोड पर लगभग 200 से ज्यादा एक्सीडेंट्स हो चुके हैं, वहां स्कूल हैं, कॉलेज हैं । मैं चाहता हूं कि केन्द्र सरकार अपने स्तर पर इसका निर्माण कार्य शुरू करे ।